# Weekly One Liners 21st To 27th July, 2025

## ऐतिहासिक दिन! भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आधिकारिक ब्रिटेन यात्रा के दौरान भारत और यूनाइटेड किंगडम ने 24 जुलाई 2025 को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर किए। तीन वर्षों से अधिक समय तक चली व्यापक वार्ताओं के बाद यह समझौता संपन्न हुआ है, जो द्विपक्षीय व्यापार को प्रोत्साहन देने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और रणनीतिक सहयोग को कई क्षेत्रों में गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह भारत का अब तक का सबसे व्यापक एफटीए है और ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन का सबसे महत्त्वपूर्ण व्यापार समझौता माना जा रहा है, जो दोनों देशों के संबंधों में एक नए युग की शुरुआत करता है।

**पृष्ठभूमि**

भारत-यूके FTA वार्ताएं जनवरी 2022 में यूके-इंडिया एन्हांस्ड ट्रेड पार्टनरशिप की घोषणा के बाद शुरू हुई थीं। 14 दौर की बातचीत और ब्रिटेन में राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन के बाद, प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह समझौता साकार हुआ। यह समझौता महामारी के बाद वैश्विक पुनर्निर्माण, भू-राजनीतिक बदलावों और विश्वसनीय व्यापार साझेदारों की खोज की पृष्ठभूमि में आया है।

**महत्त्व**

- **भारत के लिए**: ब्रिटेन के उच्च प्रौद्योगिकी उत्पाद जैसे चिकित्सा उपकरण और एयरोस्पेस कंपोनेंट अब अधिक सुलभ और सस्ते होंगे।
- **ब्रिटेन के लिए**: भारत के विशाल उपभोक्ता बाजार तक नई पहुंच खुलेगी।
- यह एक नियमआधारित-, लोकतांत्रिक साझेदारी को दर्शाता है जो भविष्य की वैश्विक भागीदारी के लिए एक आदर्श स्थापित कर सकती है।

**उद्देश्य**

- वस्तुओं और सेवाओं पर शुल्क को समाप्त करना या कम करना।
- निवेश, नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देना।
- सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, रक्षा और शिक्षा में सहयोग को सुदृढ़ करना।
- 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 120 अरब डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य।

**मुख्य विशेषताएं**

- भारत में ब्रिटेन से आयातित उत्पादों पर औसत टैरिफ 15% से घटकर 3% हो जाएगा।
- भारत में लाभान्वित होने वाले प्रमुख क्षेत्रवस्त्र :, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान, रत्न एवं आभूषण, ऑटो पार्ट्स और ऑर्गेनिक केमिकल्स।
- ब्रिटिश चिकित्सा उपकरण और एयरोस्पेस पार्ट्स भारतीय बाजार में अधिक किफायती होंगे।

**नई रणनीतिक साझेदारी यूके विज़न-इंडिया –2035**

व्यापार से आगे बढ़कर सहयोग को विस्तारित करने के लिए निम्नलिखित पहल की गईं:

- डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप
- टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी इनिशिएटिव
- क्लाइमेट चेंज एक्शन
- शैक्षिक सहयोग

**आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव**

- द्विपक्षीय व्यापार में हर साल £25.5 बिलियन की वृद्धि।
- दोनों देशों में हज़ारों नए रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना।
- एयरबस और रोल्स रॉयस जैसी ब्रिटिश कंपनियां भारतीय-एयरलाइनों को विमान आपूर्ति शुरू करेंगी।
- अपराध, धोखाधड़ी और प्रवासन जैसे मुद्दों पर इंटेलिजेंस साझाकरण और सहयोग में वृद्धि।
- दोनों देशों ने आतंकवाद और कट्टरवाद की निंदा करते हुए सुरक्षा और लोकतंत्र के साझा मूल्यों की पुष्टि की।

## यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौता: किसे लाभ, क्या हुआ सस्ता, और आप पर क्या असर पड़ेगा!

हाल ही में 24 जुलाई 2025 को हस्ताक्षरित भारत यूके मुक्त व्यापार-द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में एक परिवर्तनकारी क्षण (एफटीए) समझौता कर दिए जाएंगे, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए कई आयातित वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी, वहीं भारतीय निर्यात को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। प्रमुख वस्तुओं जैसे स्कॉच व्हिस्की, ब्रिटिश लग्ज़री कारें, चॉकलेट और कॉस्मेटिक्स की कीमतों में समय के साथ उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिलेगी। यह समझौता दोनों देशों के उपभोक्ताओं, उद्योगों और रोजगार के क्षेत्र के लिए लाभकारी साबित होने की उम्मीद है।

एफटीए को लेकर वार्ताएं जनवरी (मुक्त व्यापार समझौते)2022 में शुरू हुई थीं, और तीन वर्षों से अधिक चली चर्चाओं और कई दौर की कूटनीतिक बैठकों के बाद इसे जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूके यात्रा के दौरान आधिकारिक रूप से हस्ताक्षरित किया गया। इस एफटीए को भारत का अब तक का सबसे व्यापक व्यापार समझौता और ब्रेक्ज़िट के बाद यूके का सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौता माना जा रहा है।

**समझौते का महत्व**

यह समझौता यूके को होने वाले 99% भारतीय निर्यातों पर शुल्क समाप्त कर देता है।

भारतीय उपभोक्ताओं के लिए स्कॉच व्हिस्की, लग्ज़री कारें, चॉकलेट और मेडिकल उपकरण जैसी उच्च श्रेणी की आयातित वस्तुएं अधिक सुलभ हो जाएंगी।

अनुमान के अनुसार, यह समझौता यूके की जीडीपी में सालाना £4.8 बिलियन ($6.5 बिलियन) का इजाफा करेगा।

इसका उद्देश्य 2030 तक भारत से यूके को होने वाले निर्यात को दोगुना करना है।

**उद्देश्य**

इस समझौते के प्रमुख उद्देश्य हैं:

- वस्तुओं और सेवाओं तक सुलभ और किफायती पहुंच को बढ़ावा देना।
- निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करना।
- दोनों देशों के एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों) और निर्यातकों को समर्थन देना।
- कुशल पेशेवरों की अस्थायी आवाजाही को सुगम बनाना।
- गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना और बाजार तक पहुंच में सुधार करना।

**भारतीयों के लिए क्या होगा सस्ता?**

1. **स्कॉच व्हिस्की और जिन**
   - स्कॉच व्हिस्की और जिन पर वर्तमान 150% आयात शुल्क को घटाकर पहले चरण में 75% किया जाएगा और अगले 10 वर्षों में इसे 40% तक लाया जाएगा।
   - इससे डियाजियो जैसे प्रीमियम ब्रांड्स को बड़ा लाभ मिलेगा।
2. **ब्रिटिश लग्ज़री कारें**
   - यूके में बनी कारों पर वर्तमान में 100% से अधिक आयात शुल्क है, जिसे कोटा आधारित प्रणाली के तहत घटाकर 10% किया जाएगा।
   - जगुआर लैंड रोवर और एस्टन मार्टिन जैसे निर्माताओं को सीधा लाभ होगा।
3. **चॉकलेट, बिस्किट और सैल्मन मछली**
   - ब्रिटिश निर्मित चॉकलेट, बिस्किट और सैल्मन पर शुल्क में कमी से ये उत्पाद भारतीय सुपरमार्केट्स में सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगे।
4. **कॉस्मेटिक्स और पर्सनल केयर उत्पाद**
   - ब्रिटिश ब्रांड्स से आने वाले सौंदर्य प्रसाधन और स्किनकेयर उत्पादों पर शुल्क में कटौती की जाएगी, जिससे इनकी कीमतें घटेंगी।
5. **चिकित्सा उपकरण**
   - यूके में निर्मित चिकित्सा उपकरणों और डायग्नोस्टिक उपकरणों तक सस्ता और आसान पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

**भारत में किसे मिलेगा लाभ?**

1. **वस्त्र एवं चमड़ा निर्यातक**
   - परिधान, होम टेक्सटाइल और चमड़े के सामानों पर यूके द्वारा लगाए गए शुल्क  जो कि)12% तक थे हटाए जाने से भारतीय ( निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और रोज़गार के नए अवसर बनेंगे।
2. **रत्न एवं आभूषण क्षेत्र**
   - सोना, हीरे और आभूषणों पर शून्य शुल्क से भारतीय निर्यातकों को लाभ मिलेगा और भारतीय कारीगरी को वैश्विक मंच पर बढ़ावा मिलेगा।




3. **कृषि, फार्मा एवं प्रोसेस्ड फूड**
   - चावल, मसाले, झींगा, चाय और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों पर शुल्क में कटौती से इन क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा।
   - भारतीय फार्मा कंपनियों को यूके बाज़ार में प्रवेश और आसान होगा।
4. **इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन**
   - ईवी और हाइब्रिड वाहन निर्माताओं को कोटा आधारित प्रणाली के तहत प्राथमिकता मिलेगी।
   - टाटा मोटर्स, महिंद्रा इलेक्ट्रिक और भारत फोर्ज जैसी कंपनियों को इससे सीधा लाभ होगा।
5. **पेशेवर एवं कुशल कार्यकर्ता**
   - भारतीय पेशेवरों (जैसे शेफ, योग प्रशिक्षक, संगीतकार आदि) के लिए वीज़ा और वर्क परमिट प्रक्रियाएं सरल होंगी।
   - यूके में काम करने वाले भारतीयों को तीन साल तक सोशल सिक्योरिटी से छूट मिलेगी, जिससे हर साल लगभग ₹4,000 करोड़ की बचत होगी।

## National Affairs

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनाइटेड किंगडम की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान सैंड्रिंघम हाउस में किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने किंग चार्ल्स तृतीय को शरद ऋतु में लगाए जाने वाले एक पेड़ का उपहार दिया। ये पौधा "एक पेड़ मां के नाम" पर्यावरण पहल के तहत भेंट किया गया है। इसका उद्देश्य माताओं के सम्मान में वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। (Click here to read article)
- भारत और मालदीव ने 25 जुलाई 2025 को अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्मारक डाक टिकटों का विमोचन कर एक ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित किया। इन टिकटों का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ु द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डाक टिकटों में दोनों देशों की साझा समुद्री विरासत की सुंदर झलक देखने को मिलती है। यह प्रतीकात्मक पहल न केवल एक महत्वपूर्ण राजनयिक पड़ाव का स्मरण है, बल्कि भारत और मालदीव के बीच सांस्कृतिक, आर्थिक और समुद्री सहयोग की गहराई को भी दर्शाती है। (Click here to read article)
- भारत ने 25 जुलाई 2025 को चेन्नई स्थित इंटेग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) में अपने पहले हाइड्रोजन-चालित ट्रेन कोच का सफल परीक्षण कर हरित परिवहन के एक नए युग में प्रवेश किया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारतीय रेल में सतत और स्वच्छ गतिशीलता की दिशा में एक बड़ा कदम है और भारत को उन कुछ चुनिंदा देशों की सूची में शामिल करती है जो हाइड्रोजन आधारित रेल प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं। यह पहल भारत के नेट-ज़ीरो उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त करने और रेलवे बुनियादी ढांचे को स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों के साथ आधुनिक बनाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। (Click here to read article)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए लगातार प्रधानमंत्री पद पर सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने वाले दूसरे नेता बन गए हैं। पीएम मोदी ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस दिन मोदी ने लगातार 4,078 दिन देश की बागडोर संभालते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4,077 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इंदिरा गांधी ने 24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977 तक लगातार प्रधानमंत्री के तौर पर देश की सेवा की थी। हालाँकि, उन्होंने 1980 से 1984 तक एक और कार्यकाल भी पूरा किया था, लेकिन वह दो कार्यकालों के बीच में एक अंतराल था। (Click here to read article)
- भारत ने अपनी ऊर्जा संक्रमण यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 2025 में पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है—जो कि मूल रूप से 2030 तक निर्धारित किया गया था। यह महत्वपूर्ण घोषणा केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा की गई और इसे भारत की ईंधन रणनीति में एक परिवर्तनकारी मोड़ माना जा रहा है। यह उपलब्धि ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करती है, स्थिरता को बढ़ावा देती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त बनाती है। (Click here to read article)
- केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहयोग नीति – 2025 का अनावरण किया। यह ऐतिहासिक नीति भारत के सहकारी आंदोलन को पुनर्परिभाषित और पुनर्जीवित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसका उद्देश्य "सहकार से समृद्धि" के संकल्प को साकार करना है। समावेशिता और जमीनी सशक्तिकरण की भावना से प्रेरित यह नीति दूरदर्शी होने के साथ-साथ व्यावहारिक भी है। इसका लक्ष्य 2047 तक सहकारिता क्षेत्र को राष्ट्रीय आर्थिक और सामाजिक विकास का एक प्रमुख इंजन बनाना है। (Click here to read article)
- लंदन में 24 जुलाई 2025 को एक उच्चस्तरीय शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और यूनाइटेड किंगडम ने भारत-यूके विज़न 2035 का अनावरण किया। यह रूपरेखा द्विपक्षीय सहयोग को व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा, शिक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में गहराई और विविधता प्रदान करने के लिए एक परिवर्तनकारी एजेंडा प्रस्तुत करती है। यह दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर आधारित है और बदलती वैश्विक चुनौतियों के बीच एक सुरक्षित, सतत और समृद्ध विश्व के निर्माण के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। (Click here to read article)
- हाल ही में 24 जुलाई 2025 को हस्ताक्षरित भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में एक परिवर्तनकारी क्षण को दर्शाता है। इस समझौते के तहत कई उत्पादों पर शुल्क कम या समाप्त कर दिए जाएंगे, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए कई आयातित वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी, वहीं भारतीय निर्यात को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। प्रमुख वस्तुओं जैसे स्कॉच व्हिस्की, ब्रिटिश लग्ज़री कारें, चॉकलेट और कॉस्मेटिक्स की कीमतों में समय के साथ उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिलेगी। यह समझौता दोनों देशों के उपभोक्ताओं, उद्योगों और रोजगार के क्षेत्र के लिए लाभकारी साबित होने की उम्मीद है। (Click here to read article)
- भारत ने ग्रामीण कृषि अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत की है, जिसमें सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना (Grain Storage Plan) की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत, सरकार का उद्देश्य प्राथमिक कृषि साख समितियों (PACS) के माध्यम से स्थानीय स्तर पर भंडारण क्षमता को बढ़ाना है, जिससे अनाज की बर्बादी, कटाई के बाद नुकसान, और किसानों के लिए बाजार तक पहुंच जैसी समस्याओं का समाधान किया जा सके। (Click here to read article)
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 67(a) भारत के उपराष्ट्रपति के इस्तीफ़े के लिए कानूनी आधार प्रदान करता है। यह प्रावधान उस समय विशेष रूप से चर्चा में आया जब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने के बाद 21 जुलाई 2025 को इस्तीफ़ा दे दिया। यह प्रावधान देश के उच्चतम संवैधानिक पदों में से एक से त्यागपत्र देने की स्पष्ट प्रक्रिया सुनिश्चित करता है, जिससे संस्थागत निरंतरता और स्थायित्व बनाए रखने में सहायता मिलती है। (Click here to read article)
- पिछले पाँच वर्षों में भारत में बौद्धिक संपदा (IP) पंजीकरण में 44% की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका श्रेय सरकार की नीतिगत सुधारों, शुल्क में रियायतों और IP सेवाओं के डिजिटलीकरण को जाता है। यह वृद्धि देश में बढ़ती जागरूकता, जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और भौगोलिक संकेतक (GI), पेटेंट तथा ट्रेडमार्क के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों की रक्षा के प्रयासों को दर्शाती है। (Click here to read article)
- भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल एक हलफनामे में स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने की पात्रता स्थापित करने के लिए आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को स्वतंत्र दस्तावेज़ नहीं माना जा सकता। यह स्पष्टीकरण बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और इस प्रक्रिया की चल रही न्यायिक जाँच के बीच आया है। (Click here to read article)
- मानसून सत्र के पहले ही दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 21 जुलाई 2025 की शाम अचानक पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भेजे गए पत्र में धनखड़ ने इस्तीफे के लिए खराब स्वास्थ्य को कारण बताया है। राज्यसभा के पदेन सभापति होने के नाते, उप-राष्ट्रपति की भूमिका संसद के संचालन में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनके इस्तीफ़े से न केवल संवैधानिक रूप से नया उप-राष्ट्रपति चुनने की प्रक्रिया शुरू हुई है, बल्कि राज्यसभा की कार्यप्रणाली में भी अस्थायी बदलाव आया है। यह घटनाक्रम प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें कई संवैधानिक अनुच्छेद, चुनावी प्रक्रिया और संसदीय नियमों का प्रत्यक्ष उल्लेख है। (Click here to read article)
- 'फ़िट इंडिया साइकिल संडे' पहल अब केवल एक फिटनेस कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय जन आंदोलन बन चुकी है, जिसका उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं में नशामुक्ति और सशक्तिकरण जैसे सामाजिक संदेशों को भी मज़बूती से फैलाना है। युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा संचालित इस पहल का 32वां संस्करण वाराणसी स्थित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया समेत 3,000 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया। इस अभियान ने शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय निकायों के सहयोग से यह संदेश फैलाया कि "स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मस्तिष्क बनता है", जो विकसित भारत की दिशा में सहायक है। (Click here to read article)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 से 26 जुलाई 2025 तक ब्रिटेन और मालदीव के द्विदेशीय दौरे पर जाने वाले हैं। यह यात्रा भारत की सक्रिय और गतिशील विदेश नीति का प्रतीक है। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के साथ रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना है, जिससे भारत की वैश्विक प्रभावशीलता बढ़े और क्षेत्रीय एवं वैश्विक सहयोग के प्रति उसकी प्रतिबद्धता सुदृढ़ हो। (Click here to read article)
- भारत ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में अपनी प्रगति जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट में आयोजित 66वें अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2025 में सातवां स्थान हासिल किया। 110 देशों की प्रतिस्पर्धा के बीच भारत की छह सदस्यीय टीम ने तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता तथा 252 में से 193 अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया। यह उपलब्धि भारत की गणितीय शिक्षा, प्रतिभा विकास, और ओलंपियाड प्रशिक्षण व्यवस्था की प्रभावशीलता को उजागर करती है। (Click here to read article)

## States in the News

- मध्य प्रदेश सरकार ने बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास में सहयोग देने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है, जिसके तहत औद्योगिक इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को मासिक वजीफा दिया जाएगा — महिलाओं को ₹6,000 और पुरुषों को ₹5,000। यह योजना राज्य की मौजूदा लाड़ली बहना योजना का विस्तार मानी जा रही है, जिसमें अब पुरुष लाभार्थियों को भी 'लाड़ली भाइयों' के अनौपचारिक नाम से शामिल किया गया है। यह पहल न केवल युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें उद्योगों से जोड़कर व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों को भी सुलभ बनाएगी। (Click here to read article)
- भारतीय संस्कृति मंत्रालय भारत के महानतम सम्राटों में से एक राजेन्द्र चोल प्रथम की जयंती को "आषाढ़ी तिरुवथिरै उत्सव" के रूप में मना रहा है। यह उत्सव 23 से 27 जुलाई 2025 तक तमिलनाडु के प्रतिष्ठित गंगैकोंडा चोलपुरम में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन दो महत्वपूर्ण घटनाओं की स्मृति में है—राजेन्द्र चोल की दक्षिण-पूर्व एशिया की समुद्री विजय के 1,000 वर्ष और यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल गंगैकोंडा चोलपुरम मंदिर के निर्माण की सहस्राब्दी। इस भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का समापन 27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में होगा। (Click here to read article)
- दिल्ली सरकार ने ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कारों में भारी वृद्धि की है, जिसका उद्देश्य खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और युवाओं को सशक्त बनाना है। यह निर्णय हाल ही में शुरू की गई "मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना" के तहत लिया गया है, जिसका मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को पहचान देना और उन्हें सम्मानित करना है। इस पहल के जरिए सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रेरित करने और दिल्ली को एक खेल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। (Click here to read article)
- झारखंड भारत का पहला राज्य बनने जा रहा है जो एक माइनिंग टूरिज्म प्रोजेक्ट शुरू करेगा। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य की समृद्ध खनिज विरासत को प्रदर्शित करना है, जिसके तहत लोगों को खदानों के अंदर ले जाकर मार्गदर्शित टूर और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान किए जाएंगे। यह पहल राज्य सरकार और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) के संयुक्त प्रयास से चलाई जा रही है। (Click here to read article)
- केरल के रबर बागानों को एक आक्रामक कीट, एम्ब्रोसिया बीटल (Euplatypus parallelus) से गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, जो हानिकारक फफूंदों को साथ लाकर पेड़ों को व्यापक रूप से नुकसान पहुंचा रहा है। इस संक्रमण से लेटेक्स उत्पादन प्रभावित हो रहा है और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है, जिससे वैज्ञानिकों और किसानों के बीच चिंता बढ़ गई है। (Click here to read article)
- पुडुचेरी सरकार ने 2025 में अवैध निर्माणों और भवन योजना उल्लंघनों से निपटने के लिए एकमुश्त नियमितीकरण योजना (OTRS) शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य कानूनी राहत प्रदान करना और शहरी नियोजन के मानकों का पालन सुनिश्चित करना है। यह योजना उन भवनों पर लागू होती है जो 1 मई 1987 से 16 जुलाई 2025 के बीच निर्मित हुए हैं। (Click here to read article)
- तमिलनाडु सरकार ने कोयंबटूर स्थित अनामलाई टाइगर रिज़र्व (ATR) में गुजार संरक्षण हेतु उत्कृष्टता केंद्र (Centre of Excellence for Hornbill Conservation) की स्थापना को मंजूरी दी है। यह निर्णय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रधान वन्यजीव प्रतिपालक के प्रस्ताव के बाद लिया गया है। यह पहल लुप्तप्राय प्रजाति संरक्षण निधि (Endangered Species Conservation Corpus Fund) से ₹1 करोड़ की राशि द्वारा वित्तपोषित होगी। इसका उद्देश्य पश्चिमी घाट जैसे जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्र में पाए जाने वाले चार प्रजातियों के गुजार पक्षियों की रक्षा करना है। (Click here to read article)
- डिजिटल शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 21 जुलाई 2025 को नेवा (नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन) सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस लॉन्च के साथ ही दिल्ली में नेवा परियोजना के पहले चरण की सफलतापूर्वक पूर्णता भी सुनिश्चित हुई, जिससे राजधानी की विधायिका अब कागज़ रहित, पारदर्शी और कुशल विधिनिर्माण की राष्ट्रीय दृष्टि के अनुरूप हो गई है। (Click here to read article)
- भारत के रचनात्मक क्षेत्र को एक बड़ी प्रेरणा मिली है, जहाँ मुंबई में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (IICT) के पहले परिसर का उद्घाटन हुआ। इस पहल का उद्देश्य एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (AVGC-XR) जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर भारत की भागीदारी को सशक्त बनाना है। यह संस्थान विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और सहयोगों के माध्यम से उद्योग-तैयार प्रतिभाओं को तैयार करेगा। इस पहल को भारत की डिजिटल और क्रिएटिव अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा उभरती तकनीकों को कौशल विकास में एकीकृत करने की सरकार की व्यापक दृष्टि के अनुरूप देखा जा रहा है। (Click here to read article)

## International Affairs

- भारत ने प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा के दौरान नए समझौता ज्ञापन (MoU) के तहत मालदीव को 4,850 करोड़ की लोन सहायता प्रदान किया है। इस यात्रा के दौरान भारत और मालदीव के बीच मुक्त व्यापार समझौते (FTA) और द्विपक्षीय निवेश संधि पर वार्ता की भी शुरुआत हुई, जो पड़ोसी पहले और महासागर (MAHASAGAR) दृष्टिकोण के तहत संबंधों को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। यह कदम राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ु के कार्यकाल में भारत-मालदीव संबंधों में आई खटास को कम करने का संकेत भी देता है, जिन्होंने अपने चुनाव अभियान में "इंडिया आउट" की नीति को प्रमुखता दी थी। (Click here to read article)
- भारत ने आधिकारिक रूप से पाँच वर्षों के अंतराल के बाद चीनी नागरिकों को पर्यटक वीज़ा जारी करना फिर से शुरू कर दिया है, जो भारत-चीन संबंधों में एक महत्त्वपूर्ण कूटनीतिक और जन-जन के बीच जुड़ाव का संकेत है। यह कदम दोनों देशों के बीच पर्यटन, सॉफ्ट डिप्लोमेसी और क्षेत्रीय सहयोग के क्षेत्र में एक सतर्क लेकिन सकारात्मक पुनर्संतुलन को दर्शाता है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब भारत इनबाउंड टूरिज्म को पुनर्जीवित करने के व्यापक प्रयास कर रहा है और हाल ही में कैलाश मानसरोवर यात्रा को भी दोबारा शुरू किया गया है—जो एक आध्यात्मिक तीर्थ यात्रा है और जिसे चीनी मूल के अनुयायियों के बीच विशेष मान्यता प्राप्त है। (Click here to read article)
- फ्रांस ने सितंबर 2025 में आधिकारिक रूप से फ़िलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की घोषणा की है। यह फ़ैसला फ्रांस को ऐसा करने वाला पहला G7 देश बना देगा। यह ऐलान राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने किया, जो इज़राइल-फ़िलिस्तीन संघर्ष पर यूरोप के रुख़ में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब ग़ाज़ा में हिंसा लगातार जारी है, और क्षेत्रीय शांति को लेकर चिंताएं गहराती जा रही हैं। (Click here to read article)
- चीन ने तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में यारलुंग त्सांगपो नदी पर दुनिया के सबसे बड़े जलविद्युत बांध के निर्माण की शुरुआत कर दी है। यह परियोजना पर्यावरणीय और भू-राजनीतिक चिंताओं को जन्म दे रही है, विशेष रूप से भारत और बांग्लादेश में, जो इस नदी के डाउनस्ट्रीम (नदी के बहाव की दिशा में नीचे) क्षेत्रों में स्थित हैं। बांध के कारण जल प्रवाह, पारिस्थितिकी तंत्र और पड़ोसी देशों की जल सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है। (Click here to read article)
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक और शैक्षिक एजेंसी यूनेस्को (UNESCO) से हटने का फैसला किया है, यह निर्णय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तहत लिया गया है। यह कदम ट्रंप के पहले कार्यकाल में 2017 में लिए गए ऐसे ही निर्णय की पुनरावृत्ति है, जिसे राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 2023 में पलट दिया था। व्हाइट हाउस ने इस कदम के पीछे वैचारिक मतभेदों का हवाला दिया है, यह आरोप लगाते हुए कि यूनेस्को "वोक" और "विभाजनकारी" एजेंडों को बढ़ावा देता है, जो अमेरिकी हितों के अनुकूल नहीं हैं। (Click here to read article)
- हाल ही में रूस के कामचाटका प्रायद्वीप में एक के बाद एक शक्तिशाली भूकंपों की श्रृंखला दर्ज की गई, जिनमें सबसे तीव्र झटका 7.4 तीव्रता का था। इसका केंद्र स्थल समुद्र के अंदर, पेत्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की से 144 किलोमीटर पूर्व और 20 किलोमीटर की उथली गहराई पर स्थित था। प्रारंभ में सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन बाद में प्रशांत महासागर सुनामी चेतावनी केंद्र ने इसे वापस ले लिया, जिससे क्षेत्र में कुछ राहत की भावना देखी गई। (Click here to read article)
- श्रीलंका के कालुतारा ज़िले स्थित प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर वास्काडुवा श्री सुभूति विहाराय में 21 जुलाई 2025 को अशोक स्तंभ की एक प्रतिकृति का अनावरण किया गया। यह पहल भारत और श्रीलंका के बीच आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कूटनीति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है, जो सम्राट अशोक के श्रीलंकाई बौद्ध धर्म में योगदान को मान्यता देती है। यह विकास क्षेत्र में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत के निरंतर प्रयासों को भी दर्शाता है। (Click here to read article)
- भारत सरकार के मंत्रिमंडल ने यूनाइटेड किंगडम (यूके) के साथ एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को मंजूरी दे दी है, जिसे आधिकारिक रूप से समग्र आर्थिक और व्यापार समझौता (CETA) कहा जाता है। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 जुलाई 2025 को लंदन यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित किया जाएगा। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को प्रोत्साहित करना है, जिसमें शुल्कों में कटौती, बाज़ार तक बेहतर पहुंच, सेवाओं, नवाचार और बौद्धिक संपदा के क्षेत्रों में सहयोग को सशक्त बनाना शामिल है। Click here to read article)
- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एलान किया कि वो दोबारा हावर्ड विश्वविद्यालय लौटना चाहती हैं। आईएमएफ की नंबर-2 की कुर्सी संभालने वालीं गीता पहली महिला हैं। गीता गोपीनाथ पहली महिला हैं, जो आईएमएफ की चीफ इकोनॉमिस्ट बनीं। उनका यह निर्णय IMF में एक महत्वपूर्ण युग का समापन है, जहाँ उन्होंने COVID-19 महामारी और रूस-यूक्रेन संघर्ष जैसी वैश्विक आपदाओं के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोपीनाथ के कार्यकाल के दौरान IMF के शोध, विश्लेषण और वैश्विक आर्थिक समन्वय को नई ऊंचाइयाँ मिलीं, जिसे वैश्विक स्तर पर सराहा गया है। (Click here to read article)



- संयुक्त राष्ट्र (UN) में भारत की मतदान प्रवृत्ति में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। विशेष रूप से 2025 में मतदान से दूरी ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो भारत की विदेश नीति में एक नए चरण की शुरुआत को दर्शाता है। यह बदलाव एक ध्रुवीकृत वैश्विक व्यवस्था के प्रति भारत की रणनीतिक प्रतिक्रिया है, जिसमें वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए एक अधिक मुखर और संतुलित वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने का प्रयास कर रहा है। (Click here to read article)

## Agreements/MoUs Signed

- जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर की शासन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, पंचायती राज मंत्रालय ने मध्य प्रदेश सरकार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (IGNTU), अमरकंटक के साथ मिलकर PESA पर उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की है। इस पहल का उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था विस्तार अधिनियम, 1996 (PESA) के प्रभावी क्रियान्वयन को रूपांतरित करना है, जिसके अंतर्गत भागीदारी आधारित योजना निर्माण, जनजातीय संस्कृति का संरक्षण और संस्थागत क्षमताओं का विकास प्रमुख हैं। यह पहल विकसित भारत की परिकल्पना के अंतर्गत समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। (Click here to read article)
- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कहा कि उसने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी 'बीमा सखी योजना' को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। गोवा में 8-10 जुलाई को वित्तीय समावेशन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'अनुभूति' के दौरान इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एलआईसी ने बयान में कहा कि उसकी 'बीमा सखी योजना' बीमा वितरण क्षेत्र में महिलाओं की मौजूदगी को मजबूती देने के लिए बनाई गई है। (Click here to read article)

## Banking/Economy/Business News

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार मई 2025 में भारत में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्रवाह में 98% की गिरावट दर्ज की गई, जो घटकर मात्र 35 मिलियन डॉलर रह गया। इस तीव्र गिरावट का मुख्य कारण विदेशी निवेशकों द्वारा भारी मात्रा में मुनाफ़ा निकालना (repatriation) और सकल FDI प्रवाह में कमी बताया गया है। हालांकि, इस गिरावट के बावजूद भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 696.7 अरब डॉलर पर बना हुआ है, जो आयात कवर और ऋण स्थिरता के लिहाज से संतोषजनक स्थिति दर्शाता है। (Click here to read article)
- एशियाई विकास बैंक (ADB) ने अनुमान लगाया है कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5% और 2026 में 6.7% की दर से वृद्धि करेगी, जिससे भारत की स्थिति दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में और मजबूत होती है। यह अनुमान मजबूत घरेलू मांग, सामान्य मानसून और संभावित मौद्रिक शिथिलता (monetary easing) पर आधारित है। इसके साथ ही, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के चलते महंगाई दर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के लक्षित दायरे में रहने की संभावना है। (Click here to read article)
- इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (Ind-Ra), जो एक प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी है, ने वित्त वर्ष 2025-26 (FY26) के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.3% कर दिया है। इससे पहले यह अनुमान इससे अधिक था। यह संशोधन वैश्विक अनिश्चितताओं, निवेश भावनाओं की कमजोरी और कुछ घरेलू सहायक कारकों जैसे कम मुद्रास्फीति और मौद्रिक सहजता के सम्मिलित प्रभाव को दर्शाता है। यह अपडेट उस समय आया है जब वैश्विक व्यापार मंदी और सतर्क निवेशक व्यवहार को लेकर व्यापक चिंताएँ बनी हुई हैं, जिससे भारत की समष्टि आर्थिक दृष्टिकोण पर प्रभाव पड़ सकता है। (Click here to read article)
- भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित संपत्तियों (Gross NPAs) में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। मार्च 2021 में जहां यह अनुपात 9.11% था, वहीं मार्च 2025 तक घटकर मात्र 2.58% रह गया। इस बदलाव का श्रेय संस्थागत सुधारों, कड़े विनियामक ढांचे और बेहतर ऋण अनुशासन को दिया जा रहा है। (Click here to read article)
- भारत के आठ प्रमुख बुनियादी ढाँचा उद्योगों ने जून 2025 में 1.7% की वृद्धि दर्ज की, जो मई के संशोधित 1.2% के आँकड़े की तुलना में मामूली वृद्धि है। जून 2024 की 5% वृद्धि दर से काफ़ी कम होने के बावजूद, यह वृद्धि तीन महीने के उच्चतम स्तर को दर्शाती है, जो औद्योगिक उत्पादन में मिले-जुले रुझान को दर्शाती है। (Click here to read article)
- भारत सरकार ने 2047 तक पर्यटन क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में योगदान को 10% तक बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य भारत को $32 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था में बदलने की व्यापक योजना का हिस्सा है। सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक विविधता और आध्यात्मिक संपदा से समृद्ध भारत का पर्यटन क्षेत्र आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और वैश्विक प्रभाव का एक प्रमुख इंजन बन सकता है — बशर्ते ढांचागत और रणनीतिक चुनौतियों का समाधान किया जाए। (Click here to read article)
- विश्व के प्रमुख चाय उत्पादक और निर्यातक देशों में शामिल भारत ने वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान अपने चाय निर्यात में मामूली लेकिन सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। टी बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत से चाय का निर्यात 2.85% बढ़ा है, जो वैश्विक स्तर पर चाय की स्थिर मांग और बेहतर बाजार मूल्य संकेतकों को दर्शाता है। निर्यात मूल्य में हुई वृद्धि प्रति किलोग्राम बेहतर मूल्य प्राप्ति को दर्शाती है, जो क्षेत्रीय असमानताओं के बावजूद भारत की चाय उद्योग के लिए एक सकारात्मक संकेत है। (Click here to read article)
- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) को प्रतिष्ठित ग्लोबल फाइनेंस मैगज़ीन द्वारा वर्ष 2025 का "विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक" घोषित किया गया है। यह सम्मान बैंक की ग्राहक-केंद्रित नवाचारों और उसकी मज़बूत डिजिटल उपस्थिति को मान्यता देता है। यह वैश्विक पहचान SBI की समावेशी और आधुनिक बैंकिंग के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है। (Click here to read article)
- भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSBs) ने 31 मार्च 2025 तक कुल 1,629 कॉर्पोरेट इकाइयों को जानबूझकर ऋण न चुकाने वाले (विलफुल डिफॉल्टर) के रूप में चिन्हित किया है, जिन पर कुल ₹1.62 लाख करोड़ की बकाया राशि है। यह जानकारी संसद में केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत की गई, जो देश में बढ़ती गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (NPAs) की चिंता और पारदर्शिता व ऋण अनुशासन को सुदृढ़ करने के लिए जारी प्रणालीगत प्रयासों को दर्शाती है। (Click here to read article)

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने वैश्विक प्राइवेट इक्विटी फर्म वॉरबर्ग पिंकस को IDFC फर्स्ट बैंक में 9.99% तक की हिस्सेदारी हासिल करने की मंज़ूरी दे दी है। यह ₹4,876 करोड़ का निवेश बैंक की पूंजी आधार को मजबूत करेगा और इसके विकास लक्ष्यों को समर्थन देगा। (Click here to read article)
- फिनो पेमेंट्स बैंक ने एक नया डिजिटल बचत खाता "गति" लॉन्च किया है — जो कई भारतीय भाषाओं में "Speed" (गति) का प्रतीक है। इस पहल का उद्देश्य पश्चिम बंगाल के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में UPI लेनदेन की पहुंच को और गहराई देना है। यह शून्य बैलेंस वाला खाता त्वरित लेनदेन की सुविधा प्रदान करता है और विशेष रूप से उन ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं से वंचित हैं लेकिन डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने के इच्छुक हैं। (Click here to read article)
- एक महत्वपूर्ण वित्तीय खुलासे में वित्त मंत्रालय ने हाल ही में राज्यसभा को सूचित किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSBs) ने वित्त वर्ष 2016 से 2025 के बीच ₹12 लाख करोड़ से अधिक की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (NPAs) को बट्टे खाते में डाल दिया है। हालांकि इतने बड़े पैमाने पर ऋण बट्टे खाते में डाले गए हैं, फिर भी विभिन्न कानूनी माध्यमों के तहत ऋण की वसूली के प्रयास जारी हैं। इसके साथ ही, सार्वजनिक बैंकों में 48,570 पदों पर एक बड़े स्तर की भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जो बैंकिंग क्षेत्र में एक अहम प्रगति मानी जा रही है। यह विकास अर्थव्यवस्था, बैंकिंग और शासन से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है।(Click here to read article)
- भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने हाल ही में बताया कि उसने क्यूआईपी (क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट) के जरिये ₹25,000 करोड़ जुटाए हैं। बैंक के मुताबिक, यह अब तक का सबसे बड़ा क्यूआईपी इश्यू है जो भारतीय पूंजी बाजार में दर्ज हुआ है। यह प्रस्ताव 4.5 गुना अधिक सब्सक्राइब हुआ, जो भारत के बैंकिंग क्षेत्र और आर्थिक संभावनाओं में निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है। इस फंडरेजिंग में भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) सहित कई घरेलू संस्थागत निवेशकों और विदेशी निवेशकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस राशि से SBI की पूंजी पर्याप्तता (capital adequacy) मजबूत होगी और बैंक अपनी ऋण विस्तार रणनीति (credit expansion strategy) को और गति दे सकेगा। (Click here to read article)
- भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक उल्लेखनीय प्रगति में, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आधिकारिक तौर पर एनएसडीएल पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल कर लिया है। यह समावेशन, 19 जून, 2025 को अधिसूचित और 10 जुलाई, 2025 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित, एनएसडीएल पेमेंट्स बैंक को एक अनुसूचित बैंक का दर्जा प्रदान करता है, जिससे यह आरबीआई की सुविधाओं तक पहुंच प्राप्त कर सकेगा और भारत के विनियमित वित्तीय ढांचे में इसके बढ़ते महत्व को दर्शाएगा। (Click here to read article)
- जुलाई 2025 में, दुनिया के सबसे बड़े बैंकिंग संस्थानों में से एक, एचएसबीसी ने नेट-जीरो बैंकिंग अलायंस (एनजेडबीए) से हटने पर जलवायु के प्रति जागरूक ग्राहकों और हितधारकों की कड़ी आलोचना की, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा उद्योग समूह है जो बैंकिंग प्रथाओं को जलवायु लक्ष्यों के साथ संरेखित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह एलायंस वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप बैंकिंग प्रथाओं को संरेखित करने के लिए समर्पित सबसे बड़ा उद्योग समूह है। HSBC ऐसा करने वाला पहला प्रमुख ब्रिटिश बैंक बन गया, जिससे यह संकेत मिला कि वित्तीय क्षेत्र की नेट-ज़ीरो उत्सर्जन लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्धता कमजोर पड़ रही है। इस फैसले के बाद कई ग्राहकों, विशेषकर हरित ऊर्जा कंपनियों ने HSBC से अपने संबंध तोड़ दिए और इसके पर्यावरणीय दावों पर विश्वास नहीं होने का हवाला दिया। (Click here to read article)

## Appointments/Resignations

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में नए कुलपति का नियुक्ति हो गई है। प्रोफेसर उमा कांजीलाल को यह कमान सौंपी गई है। इसी के साथ उन्हें इग्नू की पहली महिला कुलपति बनने का गौरव हासिल हुआ। ओपन और डिस्टेंस लर्निंग (ODL), डिजिटल शिक्षा और अकादमिक नेतृत्व में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उनका इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होना समावेशी और प्रौद्योगिकी-प्रेरित उच्च शिक्षा पर भारत के बढ़ते फोकस को दर्शाता है। (Click here to read article)
- सरकार ने पूर्व वित्त व आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ को भारतीय बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के IAS अधिकारी सेठ के पास राजकोषीय नीति, आर्थिक मामलों और बुनियादी ढांचा विकास का गहरा अनुभव है। भारत के तेजी से बढ़ते बीमा क्षेत्र में विनियामक निगरानी और सुधारों को मज़बूती देने की दिशा में यह नियुक्ति एक रणनीतिक कदम के रूप में देखी जा रही है। (Click here to read article)
- वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी संजय कौल ने भारत के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी), गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) के प्रबंध निदेशक और समूह सीईओ के रूप में आधिकारिक तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति भारत की वित्तीय अवसंरचना रणनीति की एक प्रमुख परियोजना, गिफ्ट सिटी के लिए एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन का प्रतीक है। सार्वजनिक नीति, अवसंरचना, प्रौद्योगिकी और वित्त सहित विभिन्न क्षेत्रों में दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, कौल के नेतृत्व से गिफ्ट सिटी के वैश्विक वित्तीय केंद्र बनने के दृष्टिकोण को गति मिलने की उम्मीद है। (Click here to read article)
- केंद्र सरकार ने दीपक बगला को अटल नवाचार मिशन (AIM) का नया मिशन निदेशक नियुक्त किया है, जो देशभर में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बगला निवेश प्रोत्साहन और नीति नेतृत्व के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखते हैं। (Click here to read article)

## Defence News

- भारत और सिंगापुर ने 'बोल्ड कुरुक्षेत्र 2025' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास की शुरुआत राजस्थान के जोधपुर स्थित रेगिस्तानी क्षेत्र में की। इस अभ्यास का उद्देश्य विशेष रूप से शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों में लड़ाकू समन्वय को बढ़ाना है। यह सैन्य अभ्यास दोनों देशों के बीच गहराते रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है और आधुनिक युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए दोनों सेनाओं की तैयारी में एक अहम कदम माना जा रहा है। (Click here to read article)
- भारत ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई है, जब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित यूएवी-लॉन्च प्रिसिशन गाइडेड मिसाइल (ULPGM)-V3 के सफल उड़ान परीक्षण किए गए। यह सफलता भारत की उच्च तकनीक सैन्य प्रणालियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम उपलब्धि मानी जा रही है। (Click here to read article)
- रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक इकाई गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए अपने दूसरे स्वदेशी डिजाइन वाले प्रदूषण नियंत्रण पोत (पीसीवी) 'समुद्र प्रचेत' का जलावतरण किया। जीएसएल अधिकारी के अनुसार पोत में दो भुजाएं हैं जो चलते समय तेल रिसाव को एकत्रित करने में सक्षम हैं और तेल के धब्बों का पता लगाने के लिए एक रडार भी है। यह पोत भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone – EEZ) में तेल रिसाव की स्थिति से निपटने की क्षमताओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही, यह रणनीतिक समुद्री संसाधनों के स्वदेशीकरण के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी सशक्त बनाएगा। (Click here to read article)
- भारतीय वायुसेना (IAF) सितंबर 2025 तक प्रतिष्ठित मिग-21 लड़ाकू विमानों को सेवा से हटा देगी, जिससे भारत की सैन्य विमानन में इनकी छह दशक लंबी सेवा का समापन होगा। ये विमान एक समय भारतीय वायुसेना की रीढ़ माने जाते थे, लेकिन अब सुरक्षा संबंधी चिंताओं और अत्याधुनिक स्वदेशी रूप से विकसित एलसीए तेजस मार्क 1ए को जगह देने के उद्देश्य से इन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। (Click here to read article)
- भारतीय सेना ने आधिकारिक रूप से अमेरिका से अपने पहले अपाचे AH-64E अटैक हेलीकॉप्टर के बैच को प्राप्त कर लिया है। यह शामिलीकरण सेना की एविएशन कोर की संचालनात्मक मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भारत की व्यापक रक्षा आधुनिकीकरण योजना के अनुरूप है। (Click here to read article)
- रणनीतिक सैन्य निगरानी और तत्परता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने वैश्विक वाणिज्यिक उपग्रह इमेजरी प्रदाताओं से बातचीत शुरू कर दी है। यह कदम मई 2025 में हुए ऑपरेशन "सिंदूर" के दौरान चीन द्वारा पाकिस्तान को लाइव सैटेलाइट डेटा मुहैया कराए जाने की खुफिया रिपोर्टों के बाद उठाया गया है। इस पहल का उद्देश्य भारत की मौजूदा क्षमताओं को उन्नत बनाकर रियल-टाइम, हाई-रिजोल्यूशन इमेजरी को रक्षा संचालन में एकीकृत करना है। (Click here to read article)

## Awards and Recognitions

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के वर्तमान अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन को हाल ही में वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित जी.पी. बिड़ला मेमोरियल अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट योगदान और अत्याधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार भारत के प्रमुख वैज्ञानिक सम्मानों में से एक है, जो विज्ञान, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्रों में गहरा प्रभाव डालने वाले व्यक्तियों को मान्यता देता है। (Click here to read article)
- अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता भारतीय लेखिका गीतांजलि श्री को उनकी किताब 'वंस एलिफेंट्स लिव्ड हियर' के लिए पेन ट्रांसलेट अवॉर्ड से सम्मानित करने का फैसला किया गया है। लंदन स्थित मानवाधिकार संगठन 'इंग्लिश पेन' ने यह जानकारी दी। 'इंग्लिश पेन' ने बताया कि उसने पेन ट्रांसलेट अवॉर्ड के लिए दुनिया के 11 क्षेत्रों की 13 भाषाओं में रची गई 14 किताबों को चुना है। (Click here to read article)
- भारतीय महिला जादूगर और मेंटलिस्ट सुहानी शाह ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने 'जादू की दुनिया का ऑस्कर' कहे जाने वाले एफआईएसएम (वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ मैजिक) अवॉर्ड को अपने नाम किया है। (Click here to read article)
- अपनी तरह के विशेष मोबाइल एप्लिकेशन "मेरी पंचायत" को एक्शन लाइन कैटेगरी: सांस्कृतिक विविधता और पहचान, भाषाई विविधता और स्थानीय कंटेंट के तहत प्रतिष्ठित वर्ल्ड समिट ऑन द इंफॉर्मेशन सोसाइटी (डब्ल्यूएसआईएस) प्राइज 2025 चैंपियन पुरस्कार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। यह सम्मान डब्ल्यूएसआईएस पहल के तहत इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) द्वारा आयोजित डब्ल्यूएसआईएस+20 हाई लेवल इवेंट 2025 के दौरान प्रदान किया गया। डब्ल्यूएसआईएस प्राइज 2025 चैंपियन प्रोजेक्ट के रूप में मेरी पंचायत भारत के डिजिटल गवर्नेंस मॉडल की वैश्विक उत्कृष्टता का प्रतीक है। (Click here to read article)

## Ranks and Reports

- मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (CSMIA) ने एक बार फिर भारत का गौरव बढ़ाया है, क्योंकि उसे ट्रैवल + लीजर वर्ल्ड्स बेस्ट अवार्ड्स 2025 में दुनिया के शीर्ष 10 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में शामिल किया गया है। 84.23 अंकों के साथ यह लगातार तीसरे वर्ष इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान पाने वाला एकमात्र भारतीय हवाई अड्डा है। यह मान्यता भारत के वैश्विक विमानन ढांचे में बढ़ते स्थान, यात्रियों की संतुष्टि और तकनीकी उन्नयन को दर्शाती है। (Click here to read article)
- भारत ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में अब तक की सबसे बड़ी छलांग दर्ज की है, जिसमें वह 85वें स्थान से आठ पायदान ऊपर चढ़कर 77वें स्थान पर पहुंच गया है। अब भारतीय पासपोर्ट धारकों को 59 देशों में वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल की सुविधा प्राप्त है, जिससे भारत का वैश्विक पासपोर्ट रैंक और प्रभावशाली हुआ है। यह प्रदर्शन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे क्षेत्रीय पड़ोसियों से बेहतर है और भारत की मजबूत होती कूटनीतिक सक्रियता और वैश्विक संपर्क को दर्शाता है। (Click here to read article)

- विश्व बैंक और भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से तैयार एक ताजा रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत के शहरी क्षेत्रों में 2030 तक 70% नई नौकरियां पैदा होंगी, लेकिन अगर समय रहते जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन (climate change adaptation) पर निवेश नहीं हुआ, तो हर साल बाढ़ से 5 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2050 तक भारत की शहरी आबादी 951 मिलियन तक पहुंच जाएगी। बढ़ती आबादी और शहरीकरण के कारण देश के शहर दो बड़े झटकों – बाढ़ और अत्यधिक गर्मी – का सामना करेंगे, जो रोजगार और आर्थिक विकास को प्रभावित कर सकते हैं। (Click here to read article)

## Sports News

- भारत ने जर्मनी के राइन-रुहर में आयोजित FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में गर्व का क्षण दर्ज किया, जब तीरंदाज परनीत कौर और कुशल दलाल ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम आर्चरी इवेंट में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। यह उपलब्धि न केवल भारत की खेल जगत में बढ़ती सफलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि विश्व स्तर पर भारतीय विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी अब गैर-पारंपरिक ओलंपिक खेलों, जैसे कंपाउंड आर्चरी, में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। (Click here to read article)
- IBSF वर्ल्ड 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप 2025 में एक चौंकाने वाले मुकाबले में वेल्स के 16 वर्षीय क्यू खिलाड़ी रिले पॉवेल ने भारत के दिग्गज स्नूकर खिलाड़ी पंकज आडवाणी को हराकर खिताब जीत लिया। बहरीन की राजधानी मनामा में खेले गए इस रोमांचक फाइनल में पॉवेल ने आडवाणी को 5-4 से मात दी, जिससे आडवाणी अपने 40वें जन्मदिन पर रिकॉर्ड 29वां विश्व खिताब जीतने से चूक गए। यह जीत पॉवेल के करियर का एक अहम मोड़ साबित हुई है और यह स्नूकर खेल में उभरती युवा प्रतिभाओं के वैश्विक उदय को दर्शाती है। (Click here to read article)
- मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर एक ऐतिहासिक क्षण में इंग्लैंड के जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में अपना नाम और भी गहराई से दर्ज कर लिया। उन्होंने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में 120* रनों की शानदार नाबाद पारी खेलते हुए राहुल द्रविड़, जैक्स कैलिस और रिकी पोंटिंग जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज़ का स्थान हासिल किया। यह पारी न केवल उनकी तकनीकी श्रेष्ठता का प्रमाण थी, बल्कि उनके आधुनिक युग के महान खिलाड़ियों में शामिल होने की स्थिति को और भी मज़बूत करती है। (Click here to read article)
- राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 भारत के खेल प्रशासन में व्यापक बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस विधेयक की प्रमुख विशेषताओं में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) को सूचना के अधिकार (RTI) अधिनियम के दायरे में लाना और उसे औपचारिक रूप से एक राष्ट्रीय खेल महासंघ (NSF) के रूप में मान्यता देना शामिल है। यह विधेयक सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों में संरचनात्मक सुधार, अधिक पारदर्शिता और विवाद निवारण के लिए समुचित तंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखता है। (Click here to read article)
- भारत 30 अक्टूबर से 27 नवंबर 2025 तक अंतरराष्ट्रीय शतरंज की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक, FIDE वर्ल्ड कप 2025 की मेज़बानी करेगा। इस संस्करण में 206 शीर्ष खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, और यह टूर्नामेंट FIDE कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 में क्वालिफाई करने का एक महत्वपूर्ण मंच भी होगा। (Click here to read article)
- भारत की प्रमुख मोटरस्पोर्ट्स प्रतियोगिता — MRF MMSC FMSCI इंडियन नेशनल कार रेसिंग चैंपियनशिप 2025 — का पहला चरण कोयंबटूर के करी मोटर स्पीडवे में संपन्न हुआ, जिसमें MRF F2000, फॉर्मूला 1600 और टूरिंग कार्स जैसी प्रमुख श्रेणियों में उभरती हुई युवा प्रतिभाओं ने दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में किशोर रेसर्स के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जो भारतीय मोटरस्पोर्ट्स के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करती है। (Click here to read article)

## Schemes and Committees News

- कामकाजी महिलाओं को सशक्त बनाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने मिशन शक्ति के "समर्थ्य" उप-अंतर्गत "पालना योजना" का विस्तार करने की घोषणा की है। यह योजना 1 अप्रैल 2022 को शुरू की गई थी और इसका उद्देश्य 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों के लिए डे-केयर और क्रेच सुविधाएं प्रदान कर बाल देखभाल की खाई को पाटना है। यह सेवा देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में उपलब्ध कराई जा रही है। भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में निरंतर वृद्धि को देखते हुए यह पहल समयानुकूल और अत्यंत आवश्यक मानी जा रही है। (Click here to read article)
- 15 जुलाई 2015 को शुरू किया गया स्किल इंडिया मिशन भारत की युवाशक्ति को तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था में रोज़गारोन्मुख कौशल से लैस करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था। इस मिशन का उद्देश्य भारत को "दुनिया की स्किल कैपिटल" बनाना है। अब यह मिशन 10 वर्ष पूरे कर चुका है, और इस दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY), प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (PM-NAPS) और जन शिक्षण संस्थान (JSS) जैसी प्रमुख योजनाओं ने अहम भूमिका निभाई है। अब तक 6 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिससे रोज़गार, स्वरोज़गार और पारंपरिक व उभरते क्षेत्रों में उद्योग-तैयारी को नई गति मिली है। (Click here to read article)



- बीमा सखी योजना, जिसे 9 दिसंबर 2024 को आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया था, भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को जीवन बीमा क्षेत्र में स्थायी करियर बनाने के अवसर प्रदान करके सशक्त बनाना है। यह योजना जीवन बीमा निगम (LIC) के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है और महिलाओं को, जिन्हें बीमा साखियाँ कहा जाता है, महिला कैरियर एजेंट (MCA) के रूप में नियुक्त कर उन्हें सशक्त बनाने तथा पिछड़े क्षेत्रों में बीमा प्रसार बढ़ाने में सहयोग करती है। (Click here to read article)
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जुलाई 2025 को बिहार के मोतिहारी में एक सार्वजनिक रैली के दौरान नई रोजगार प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को ₹15,000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसका उद्देश्य देश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और युवाओं को औपचारिक रोजगार क्षेत्र से जोड़ना है। (Click here to read article)

## Science and Technology News

- नासा ने पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र सौर तूफानों और अंतरिक्ष मौसम से ग्रह की रक्षा कैसे करता है, इसे बेहतर ढंग से समझने के लिए TRACERS मिशन (टेंडम रीकनेक्शन एंड कस्प इलेक्ट्रोडायनामिक्स रीकॉनिसेंस सैटेलाइट्स) लॉन्च किया है। इस मिशन का उद्देश्य चुंबकीय पुनर्संयोजन का अध्ययन करना है—एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र पृथ्वी के चुंबकीय कवच के साथ क्रिया करता है, जिससे ऊर्जा विस्फोट होता है जो उपग्रहों, पावर ग्रिड और संचार को प्रभावित कर सकता है। (Click here to read article)
- भारत 30 जुलाई 2025 को NASA-ISRO सिंथेटिक अपर्चर रडार (NISAR) उपग्रह का प्रक्षेपण करने जा रहा है। यह ISRO और NASA के बीच पहला संयुक्त पृथ्वी अवलोकन मिशन है, जिसे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC-SHAR) से GSLV-F16 रॉकेट के माध्यम से लॉन्च किया जाएगा। उपग्रह को 743 किमी की ऊंचाई पर 98.4° झुकाव वाले सन-सिंक्रोनस कक्षा (SSO) में स्थापित किया जाएगा, जिससे पृथ्वी की सतह का हर मौसम और प्रकाश परिस्थितियों में लगातार अवलोकन संभव होगा। (Click here to read article)
- न्यूयॉर्क में दुर्लभ भूवैज्ञानिक और पुरातात्विक वस्तुओं की एक नीलामी में पृथ्वी पर अब तक पाया गया मंगल ग्रह का सबसे बड़ा टुकड़ा 53 लाख डॉलर में बिक गया। उल्कापिंड की नीलामी का यह एक नया रिकार्ड बनाया है। एनडब्ल्यूए 16788 नामक इस पत्थर की नीलामी में ऑनलाइन और फोन बोलीदाताओं के बीच 15 मिनट तक बोली लगाने की होड़ मची रही। 54 पाउंड (24.5 किलोग्राम) के इस पत्थर की खोज नवंबर 2023 में नाइजर के सहारा रेगिस्तान में एक उल्कापिंड खोजने वाले ने की थी। (Click here to read article)
- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) ने जनस्वास्थ्य नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वदेशी मलेरिया वैक्सीन 'AdFalciVax' के व्यवसायीकरण की प्रक्रिया शुरू की है। इस वैक्सीन का उद्देश्य मानवों में सबसे घातक मलेरिया परजीवी प्लाजमोडियम फेल्सीपेरम से लड़ना है। ICMR ने तकनीक हस्तांतरण और बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए दवा कंपनियों और विनिर्माताओं से साझेदारी हेतु "रुचि की अभिव्यक्ति" (Expression of Interest – EoI) आमंत्रित की है। (Click here to read article)
- भारत ने वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण में एक आत्मविश्वासपूर्ण कदम उठाया है, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने आने वाले 15 वर्षों के लिए अपनी व्यापक दृष्टि प्रस्तुत की है। नए अध्यक्ष वी. नारायणन के नेतृत्व में इसरो ने 2035 तक एक स्वतंत्र भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक मानव चंद्रमा अभियान को पूरा करने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। यह घोषणा IIITDM कुरनूल के दीक्षांत समारोह के दौरान की गई, जो यह दर्शाती है कि शिक्षा, नवाचार और स्वदेशी तकनीक भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। (Click here to read article)

## Important Days News

- विश्व मैंग्रोव दिवस, जो हर वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है, एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय जागरूकता दिवस है जिसका उद्देश्य मैंग्रोव पारिस्थितिक तंत्रों की सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देना है। यूनेस्को द्वारा 2015 में आधिकारिक मान्यता प्राप्त यह दिवस, मैंग्रोव वनों के विशाल पारिस्थितिक मूल्य की याद दिलाता है — ये तटीय आपदाओं से प्राकृतिक ढाल की तरह काम करते हैं और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करते हुए कार्बन सिंक की भूमिका निभाते हैं। चिंता की बात यह है कि 1980 के बाद से दुनिया के लगभग आधे मैंग्रोव वन नष्ट हो चुके हैं, जिससे इनका संरक्षण और पुनर्स्थापन अब पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। (Click here to read article)
- हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध में भारत ने वीरता से जीत हासिल की थी और यह दिन उसी ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है। वर्ष 2025 में, भारत इस ऐतिहासिक जीत की 26वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह दिन गर्व, स्मरण और कृतज्ञता का प्रतीक है, जब हम भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदान और साहस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। (Click here to read article)
- प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को अब अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसकी मान्यता मार्च 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दी गई थी। यह दिवस न्यायाधीशों और दंडाधिकारियों के मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक कल्याण के महत्व को रेखांकित करता है — एक ऐसा पहलू जो अक्सर अनदेखा रह जाता है, जबकि ये अधिकारी भारी दबाव के बीच कानून के शासन को बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाते हैं। इस उद्देश्य के लिए एक वैश्विक दिवस समर्पित करके, संयुक्त राष्ट्र यह संदेश देता है कि न्यायिक ईमानदारी और प्रभावी न्याय प्रणाली न्यायिक अधिकारियों के समग्र कल्याण से सीधे जुड़ी हुई हैं। (Click here to read article)

- हर साल 24 जुलाई को मनाया जाने वाला आयकर दिवस भारत में 1860 में आयकर की ऐतिहासिक शुरुआत की याद दिलाता है, जिसे ब्रिटिश शासन के दौरान सर जेम्स विल्सन ने शुरू किया था। समय के साथ यह दिन केवल कर लगाए जाने की तारीख भर नहीं रहा, बल्कि यह अब भारत की राजकोषीय प्रगति, स्वैच्छिक अनुपालन और डिजिटल परिवर्तन का प्रतीक बन गया है। एक समय में केवल राजस्व वसूली का साधन माना जाने वाला आयकर अब आर्थिक आत्मनिर्भरता, पारदर्शिता और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक बन गया है। सिविल सेवा और सरकारी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों के लिए, आयकर दिवस का महत्व और इसका विकास भारत की कर प्रणाली, नीति सुधारों और डिजिटल शासन की समझ प्रदान करता है। (Click here to read article)
- विश्व ड्राउनिंग प्रिवेन्शन दिवस (World Drowning Prevention Day) हर साल 25 जुलाई 2024 को मनाया जाता है। अप्रैल 2021 संयुक्त राष्ट्र महासभा के संकल्प (UN General Assembly Resolution) "वैश्विक डूबने की रोकथाम" के माध्यम से घोषित किया गया, प्रतिवर्ष 25 जुलाई को आयोजित किया जाता है। यह वैश्विक वकालत कार्यक्रम परिवारों और समुदायों पर डूबने के दुखद और गहन प्रभाव को उजागर करने और इसे रोकने के लिए जीवन रक्षक समाधान पेश करने के अवसर के रूप में कार्य करता है। (Click here to read article)
- हर साल 25 जुलाई को अफ्रीकी वंश की महिलाओं और बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य अफ्रीकी विरासत वाली महिलाओं और लड़कियों की उपलब्धियों, सशक्तिकरण और आवाज़ों को सम्मानित करना है। यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त दिवस प्रणालीगत भेदभाव के बावजूद उनकी दृढ़ता का वैश्विक स्मरण कराता है। साथ ही यह उनके नेतृत्व, गरिमा और दुनिया भर की समाजों में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को भी रेखांकित करता है। (Click here to read article)
- राष्ट्रीय प्रसारण दिवस, जो हर साल 23 जुलाई को मनाया जाता है, भारत में संगठित रेडियो प्रसारण की शुरुआत की स्मृति में मनाया जाता है। यह वह दिन है जब 1927 में इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (IBC) की स्थापना के साथ देश में औपचारिक रेडियो सेवा की नींव रखी गई थी। यह दिवस आकाशवाणी (All India Radio) की उस ऐतिहासिक भूमिका का उत्सव है, जिसने जनसंचार, शिक्षा और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। Click here to read article)
- हर साल 22 जुलाई को मनाया जाने वाला विश्व मस्तिष्क स्वास्थ्य दिवस (World Brain Health Day) जीवन के सभी चरणों में मस्तिष्क स्वास्थ्य की सुरक्षा और उसे बेहतर बनाने की वैश्विक आवश्यकता की याद दिलाता है। यह दिवस वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजी (WFN) द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य न्यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, समय रहते हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करना, और मस्तिष्क के अनुकूल जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित करना है। जैसे-जैसे दुनियाभर में डिमेंशिया, स्ट्रोक, और पार्किंसन जैसी न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं, यह दिवस व्यक्तियों और समुदायों को मस्तिष्क स्वास्थ्य को निजी और सार्वजनिक स्वास्थ्य की प्राथमिकता बनाने के लिए प्रेरित करता है। (Click here to read article)
- हर वर्ष 22 जुलाई को भारत राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मनाता है, जिसे तिरंगा अंगीकरण दिवस भी कहा जाता है। यह वही दिन है जब वर्ष 1947 में भारतीय संविधान सभा ने आधिकारिक रूप से भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार किया था। यह ध्वज, जिसे "तिरंगा" कहा जाता है, राष्ट्रीय गौरव, स्वतंत्रता और एकता का एक सशक्त प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज दिवस 2025 के अवसर पर भारत अपने तिरंगे के ऐतिहासिक सफर, उसके प्रतीकात्मक तत्वों, और राष्ट्र के जीवन में उसकी निरंतर प्रासंगिकता को याद करता है। यह दिन न केवल एक ध्वज को अपनाने की स्मृति है, बल्कि देश की आत्मा और उसके मूल मूल्यों को सम्मान देने का भी अवसर है। (Click here to read article)

## Obituaries News

- WWE सुपरस्टार हल्क होगन का 24 जुलाई को 71 साल की उम्र में निधन हो गया है। होल्क होगन का निधन कार्डियक अरेस्ट के चलते हुआ। उनके निधन के साथ ही वैश्विक स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट के एक युग का अंत हो गया। पेशेवर कुश्ती की दुनिया में एक विशाल और प्रभावशाली शख्सियत रहे होगन छह बार WWE चैंपियन रह चुके थे और 1980 तथा 1990 के दशक में रेसलिंग को मुख्यधारा की लोकप्रियता दिलाने वाले प्रमुख चेहरों में से एक थे। उनका निधन कार्डियक अरेस्ट के कारण हुआ, जिसकी पुष्टि क्लीयरवॉटर पुलिस और वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट (WWE) ने की। चार दशकों से अधिक के करियर में होगन ने रेसलिंग, टेलीविजन, फिल्मों और पॉप संस्कृति में गहरी छाप छोड़ी। (Click here to read article)
- केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता अच्युतानंदन का निधन हो गया है। वह 101 के साल के थे। बता दें कि वेलिक्काकाथु शंकरन अच्युतानंदन को आम लोगों द्वारा प्यार से वीएस के नाम से जाना जाता था। वह जनता के अधिकारों के लिए अडिग प्रतिबद्धता और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और दशकों तक राज्य की राजनीतिक दिशा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। (Click here to read article)



- ऑस्कर विजेता गीतकार एलन बर्गमैन का निधन हो गया है। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार 17 जुलाई को अपने लॉस एंजिल्स आवास में उन्होंने आखिरी सांस ली। वे 99 वर्ष के थे। आगामी 11 सितंबर को वे अपना 100वां जन्मदिन मनाते। अपनी पत्नी मैरिलिन बर्गमैन के साथ उन्होंने पाँच दशकों से अधिक समय तक सैकड़ों कालजयी गीतों की रचना की। फिल्म और टेलीविजन संगीत की दुनिया में उनके योगदान को तीन एकेडमी अवॉर्ड, तीन एमी अवॉर्ड और व्यापक सराहना के रूप में मान्यता मिली।(Click here to read article)

## Miscellaneous News

- Alphabet Inc. के CEO सुंदर पिचाई अब आधिकारिक रूप से अरबपति क्लब में शामिल हो गए हैं, क्योंकि उनकी कुल संपत्ति $1.1 बिलियन (लगभग ₹9,100 करोड़) के पार पहुंच गई है। यह उपलब्धि मुख्य रूप से Alphabet के शेयर मूल्य में तेज़ वृद्धि और कंपनी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में गहरे निवेश के कारण हासिल हुई है। सुंदर पिचाई की यह यात्रा तमिलनाडु की साधारण पृष्ठभूमि से शुरू होकर वैश्विक तकनीकी नेतृत्व तक की अद्भुत कहानी है, जो न केवल मेहनत और दूरदर्शिता का प्रतीक है, बल्कि दुनिया भर के युवाओं के लिए प्रेरणा भी है। (Click here to read article)

## Static Takeaways

| क्रमांक | स्थैतिक नाम | स्थैतिक विवरण |
|---|---|---|
| 1 | एसबीआई | अध्यक्ष - चल्ला श्रीनिवासलु शेट्टी |
| 2 | आरबीआई | गवर्नर - संजय मल्होत्रा |
| 3 | एशियाई विकास बैंक | मुख्यालय - मनीला, फिलीपींस |
| 4 | इसरो | अध्यक्ष - वी नारायणन |
| 5 | नासा | प्रमुख - सीन डफी |
| 6 | आईसीसी | अध्यक्ष - जय शाह |
| 7 | फिनो पेमेंट्स बैंक | सीईओ - ऋषि गुप्ता |
| 8 | फ्रांस | राष्ट्रपति - इमैनुएल मैक्रों<br>राजधानी - पेरिस |
| 9 | मालदीव | राष्ट्रपति - मोहम्मद मुइज़्ज़ू<br>राजधानी - माले |
| 10 | चीन | राष्ट्रपति - शी जिनपिंग<br>राजधानी - बीजिंग |
| 11 | रूस | राष्ट्रपति - व्लादिमीर पुतिन<br>राजधानी - मास्को |
| 12 | अमेरिका | राष्ट्रपति - डोनाल्ड ट्रम्प<br>राजधानी - वाशिंगटन डी.सी. |
| 13 | श्रीलंका | राष्ट्रपति - अनुरा कुमारा डिसेनायके<br>राजधानी - कोलंबो |
| 14 | मध्य प्रदेश | सीएम - मोहन यादव<br>राज्यपाल - मंगुभाई पटेल |
| 15 | तमिलनाडु | मुख्यमंत्री - एम के स्टालिन<br>राज्यपाल - आर एन रवि |
| 16 | दिल्ली | सीएम - रेखा गुप्ता<br>एल. गवर्नर - विनय सक्सैना |
| 17 | झारखंड | मुख्यमंत्री - हेमंत सोरेन<br>राज्यपाल - संतोष गंगवार |
| 18 | महाराष्ट्र | मुख्यमंत्री - देवेंद्र फडणवीस<br>राज्यपाल - राधाकृष्णन |
| 19 | गुजरात | सीएम-भूपेंद्र पटेल<br>राज्यपाल - आचार्य देवव्रत |